स्टार्टअप में पीएम मोदी ने बनाया भारत को बड़ी ताकत : विपुल गोयल

पूर्व मंत्री विपुल गोयल का स्वागत करते हुए संस्थान के पदाधिकारी।

फरीदाबाद, 17 दिसम्बर (सूरजमल): मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया और जल्द ही 5 ट्रिलियन इकोनामी भी बन जाएगा।

उक्त विचार पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर में स्टार्टअप कंपनी के मामले में हम चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं और देश के टायर 2 शहरों में सबसे ज्यादा स्टार्टअप लग रहे हैं जो दिखाता है कि देश का युवा अब स्वरोजगार की तरफ जा रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के जरिए हरियाणा और देश भर में जिस तरह का काम मोदी सरकार और बीजेपी की राज्य सरकारों ने किया है उसकी वजह से देश के लघु उद्योगों को एक नई संजीवनी मिली है। विपुल गोयल ने कहा कि आजादी के अमृत काल में मोदी जी ने जो विकसित भारत का नारा दिया है अगर 2047 तक हमें विकसित भारत बनाना है तो जरूरी है कि नौकरी पाने की बजाय हम नौकरी देने की दिशा में आगे बढ़े और उसके लिए जरूरी है कि प्राइवेट सेक्टर का विकास। जितने ज्यादा स्टार्टअप देश में आएंगे जितनी ज्यादा कंपनियां आगे बढ़ेगी उतने ही रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

कंपनी सेक्रेटरी संस्थान के इस कार्यक्रम में सीएस धनंजय शुक्ला, मोनिका,कपिल डूडेजा और विक्रम ग्रोवर भी मौजूद रहे।

नवोदय टाइम्स Mon, 18 December 2023
https://epaper.navodayatimes.in/c/74138080